सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2018 से संबंधित रिपोर्ट

संगठन का नाम: नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड, नोएडा

1. सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2018 के दौरान संचालित गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा

नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड द्वारा अपने नोएडा कारपोरेट कार्यालय में, बठिंडा, नंगल, पानीपत तथा विजयपुर स्थित उत्पादन इकाइयों में और अपने भोपाल, चंडीगढ़ तथा लखनऊ स्थित विपणन आंचलिक कार्यालयों में दिनांक 29.10.2018 से 03.11.2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कर्मचारियों, विद्यार्थियों के साथ-साथ आमजनों के मध्य भी जागरूकता पैदा करने के लिए वर्ष के विषय 'भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ 'पर विशेष बल देते हुए अनेक गतिविधियां शुरू की गईं। इन गतिविधियों में प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाना, भ्रष्टाचार के विरुद्ध शपथ दिलाना, भ्रष्टाचार उन्मूलन से संबंधित विषयों पर व्याख्यान, कार्यशाला, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, निबन्ध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल हैं।

क) कारपोरेट कार्यालय;

दिनांक 29.10.2018 (प्रातः) एनएफएल परिसर के भीतर और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर बैनर लगाए गए। इसी दिन मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री डी. के. तेवतिया द्वारा कारपोरेट कार्यालय तथा केन्द्रीय विपणन कार्यालय के सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। दिनांक 30.10.2018 को एनएफएल कर्मचारियों के लिए दो पारस्परिक सत्रों का आयोजन किया गया। ट्रांस्पैरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई) के बोर्ड सदस्य श्री एस. आर. वाधवा ने 'लोक प्रापण एवं कार्य संविदाओं में भ्रष्टाचार और घूसखोरी को कैसे रोकें' विषय पर व्याख्यान दिया। दूसरा व्याख्यान 'सचेतक तंत्र, बचाव और उत्तम संचालन के साधन' विषय पर टीआईआई के बोर्ड सदस्य श्री ए. के. जैन द्वारा दिया गया। दिनांक 31.10.2018 को कालेज परिसर में फूटवियर डिज़ाइन एण्ड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के सहयोग से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्लोगन, पोस्टर बनाना तथा मौखिक प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। दिनांक 01.11.2018 को एनएफएल कर्मचारियों के लिए एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें वर्तमान वर्ष के विषय पर स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दिनांक 02.11.2018 को केन्द्रीय विद्यालय के परिसर में स्कूल के छात्रों के लिए स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। इसी दिन एनएफएल कर्मचारियों के लिए एक मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें 100 कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके बाद सीवीओ, एनएफएल ने संबोधित किया और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। सप्ताह भर चला यह कार्यक्रम धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ।

ख) बठिंडा यूनिटः

प्रमुख स्थानों पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संदेश/स्लोगन (अंग्रेजी, हिंदी तथा पंजाबी) दर्शाते हुए बैनर लगाए गए। दिनांक 29.10.2018 को जीएम (ओएण्डएम) द्वारा एनएफएल, बठिंडा के कर्मचारियों तथा सीआईएसएफ जवानों को शपथ दिलाई गई। एनएफएल के लगभग 60 कर्मचारियों को ऑनलाइन "सत्यनिष्ठा शपथ" भी दिलाई गई। दिनांक 30.10.2018 को सेंट ज़ेवियर्स वर्ल्ड स्कूल, एनएफएल टाउनशिप, बठिंडा के छात्रों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ –एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 30.10.2018 को दोपहर बाद 02.30 बजे एनएफएल कर्मचारियों के लिए क्रय मैनुअल तथा कार्य मैनुअल के संदर्भ में "मैनुअलों में उपबंध"बनाम "व्यवहार"पर एक परिचर्चा सत्र आयोजित किया गया। दिनांक 31.10.2018 को वीओ बठिंडा द्वारा कर्मचारियों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक व्याख्यान दिया गया। सीआईएसएफ कर्मचारियों के लिए भी "भ्रष्टाचार

मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 01.11.2018 को ए.पी. इंटरनेशनल स्कूल, एनएफएल कालोनी के सामने, बठिंडा के छात्रों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 01.11.2018 को एनएफएल कर्मचारियों के लिए एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। एनएफएल और सीआईएसएफ के कर्मचारियों के लिए एक खुली स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। दिनांक 03.11.2018 को पूर्वाह्न 10.30 बजे पुरस्कार वितरण/समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें जीएम (आई/सी) ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

ग) नंगल यूनिटः

दिनांक 29.10.2018 से 03.11.2018 की अवधि के दौरान, फैक्टरी परिसर तथा टाउनशिप क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाए गए। ढेरों एसएमएस/ई-मेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया, फेसबुक, ट्विटर तथा व्हाट्सएप पर स्लोगन, फोटो द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। दिनांक 29.10.2018 को एस.एस.आर.वी.एम सीनियर सेकण्डरी स्कूल तथा दयानंद पब्लिक सीनियर सेकण्डरी स्कूल, नया नंगल के छात्रों के मध्य अंतर्विद्यालयीन निबंध लेखन तथा पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। श्री निर्लेप सिंह राय मुख्य महाप्रबंधक, एनएफएल, नंगल यूनिट द्वारा कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण कराई गई। कैप्टन अमोल कालिया फर्टिलाइज़र मॉडल सीनियर सेकण्डरी स्कूल नया नंगल तथा फर्टिलाइज़र सीनियर सेकण्डरी स्कूल नया नंगल के छात्रों के मध्य निबंध लेखन तथा पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विपणन स्टाफ, किसानों, गैर सरकारी संगठनों तथा स्थानीय जनों के लिए सतर्कता जागरूकता पर एक कार्यशाला भी संचालित की गई। दिनांक 30.10.2018 को, एनएफएल, नंगल यूनिट के कामगारों के परिवारों के लिए आनन्द भवन क्लब में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 01.11.2018 को, बास ग्राम में किसानों, एनजीओ तथा स्थानीय क्षेत्र जनों के लिए "ग्राम सभा" संचालित की गई। एनएफएल टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में फर्टिलाइज़र सीनियर सेकण्डरी स्कूल, नया नंगल के अध्यापकों तथा छात्रों की सहायता से एक सतर्कता जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया। इस रैली का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक था। भ्रष्टाचार से संबंधित इस प्रहसन की काफी सराहना की गई। सरकारी शिवालिक कॉलेज, नया नंगल के छात्रों तथा शिवालिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी, नया नंगल के छात्रों के मध्य भी निबंध लेखन तथा पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दिनांक 02.11.2018 को, एनएफएल, नंगल यूनिट के कर्मचारियों और सीआईएसएफ स्टाफ के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 02.11.2018 को, एनएफएल, नंगल यूनिट के अधिकारियों के परिवारों के लिए नया नंगल क्लब में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संचालित की गई। दिनांक 03.11.2018 को समापन सत्र आयोजित किया गया और इसकी अध्यक्षता श्री संजीव मेहता, महाप्रबंधक (आई/सी), नंगल यूनिट द्वारा की गई। क्षेत्र के चार स्कूलों/कालेजों के छात्रों ने सतर्कता/भ्रष्टाचार विरोधी विषयों पर भाषण दिए। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

घ) पानीपत यूनिटः

एनएफएल फैक्टरी/टाउनशिप के प्रवेश/निर्गम द्वारों, सार्वजनिक स्थानों तथा संयंत्र/कार्यालयों/टाउनशिप में विशिष्ट स्थानों पर बैनर लगाए गए। स्कूलों तथा ग्राम सभा में भी बैनर प्रदर्शित किए गए। सप्ताह की शुरुआत 29 अक्तूबर, 2018 को प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सामने यूनिट प्रमुख द्वारा सत्यनिष्ठा शपथ दिलाए जाने के साथ हुई। प्रो. एस.के. शर्मा, पानीपत द्वारा एनएफएल और सीआईएसएफ कर्मचारियों के लिए एक व्याख्यान दिया गया। निम्नलिखित स्कूलों में छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :

i) 30 अक्तूबर, 2018 – विद्या भारती मॉडर्न स्कूल, पानीपत।
ii) 31 अक्तूबर, 2018 – सर छोटू राम सीनि. सेक. स्कूल, पानीपत।

iii) 2 नवम्बर, 2018 – पीआईईटी संस्कृति स्कूल, एनएफएल टाउनशिप, पानीपत।
भाषण प्रतियोगिताओं के अंत में, शिक्षकों तथा छात्रों ने भी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की शपथ ली। प्रतिभागियों को प्रतिभागिता पुरस्कार दिए गए।

30 अक्तूबर, 2018 को, सीआईएसएफ तथा एनएफएल कर्मचारियों के लिए सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कर्मचारियों के ज्ञान को अद्यतन करने के लिए, निम्नलिखित विषयों पर कार्यशालाएं/सेमीनार संचालित किए गए :

i) 31 अक्तूबर, 2018 – "प्रमाणित स्थायी आदेश", "सीडीए नियम", "अनुशासनिक कार्यवाहियां" – फैकल्टी – श्रीमती नेहा अग्रवाल, उप प्रबंधक (एचआर)
ii) "क्रय मैनुअल"- फैकल्टी – श्री अमित त्यागी, सहायक प्रबंधक (मैटिरियल्स)
iii) 1 नवम्बर, 2018 – "कार्य मैनुअल" – फैकल्टी – श्री आर.बी.एस. चौहान, वरि. प्रबंधक (मेकै.)

दिनांक 31.10.2018 को ग्राम नंगल खेड़ी (जिला पानीपत) में एक ग्राम सभा आयोजित की गई, जिसमें सरपंच तथा पंचों के अलावा ग्रामवासियों ने भाग लिया।

एनएफएल तथा सीआईएसएफ कर्मचारियों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें भारी संख्या में प्रतिभागियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

3 नवम्बर, 2018 को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि यूनिट प्रमुख श्री सुनील अरोड़ा, सीजीएम थे। विदाई समारोह में स्कूलों की भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता छात्रों ने अपना भाषण प्रस्तुत किया। सीजीएम द्वारा विभिन्न स्कूलों में आयोजित भाषण प्रतियोगिताओं, प्रश्नोत्तरी तथा स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का पर्याप्त प्रेस व फोटो कवरेज भी किया गया।

ड.) विजयपुर यूनिटः

एनएफएल परिसर, टाउनशिप और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सभी प्रमुख स्थानों पर बैनर प्रदर्शित किए गए। इसी दिन यूनिट प्रमुख द्वारा सभी कर्मचारियों तथा सीआईएसएफ कार्मिकों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। एनएफएल कर्मचारियों के लिए गेस्ट फैकल्टी द्वारा एक व्याख्यान की व्यवस्था की गई। तथापि, दिनांक 28.11.2018 के लिए निर्धारित आगामी म.प्र. राज्य विधान सभा चुनावों के कारण, सतर्कता खंड, विजयपुर का समस्त स्टाफ चुनाव ड्यूटी में लगा था। इसी कारण कर्मचारियों के परिवार के लिए नियोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम तथा विदाई एवं पुरस्कार वितरण समारोह भी रद्द कर दिया गया।

ड.) चंडीगढ़/भोपाल/लखनऊ स्थित आंचलिक विपणन कार्यालय :

दिनांक 29.10.2018 को सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के संदेश को प्रदर्शित करते हुए सभी एसओ/एओ/ज़ेडओ में प्रमुख स्थानों पर बैनरों के प्रदर्शन से सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई।

सप्ताह के दौरान इस वर्ष के विषय भ्रष्टाचार मिटाओ-नया भारत बनाओ पर विशेष बल दिया गया। कर्मचारियों, डीलरों, कालेज के छात्रों के लिए सतर्कता से संबंधित विषयों पर आंतरिक एवं बाह्य फैकल्टी द्वारा अनेक व्याख्यानों, कार्यशालाओं, सेमिनारों, वाद-विवाद/भाषण/निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवाओं तथा कालेज के छात्रों को शामिल कर वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

2. सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान संगठन में और संगठन के बाहर की गई गतिविधियों का ब्यौरा:

क) संगठन द्वारा करवाई गई सत्यनिष्ठा शपथ:

तालिका - 1: सत्यनिष्ठा शपथ:

	ई शपथ लेने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या	ई शपथ लेने वाले उपभोक्ताओं की कुल संख्या	ई शपथ लेने वाले नागरिकों की कुल संख्या
कारपोरेट कार्यालयः	9	-	-
बठिंडा यूनिट	53	-	-
नंगल यूनिट	-	-	-
पानीपत यूनिट	-		
विजयपुर यूनिट	-	-	-
ज़ेडओ, भोपाल	10	-	-
ज़ेडओ, लखनऊ	17	-	-
ज़ेडओ, चंडीगढ़	41	-	-

ख) संगठन के भीतर आयोजित गतिविधियां/कार्यक्रम:

तालिका - 2: प्रतियोगिताओं का संचालन:

राज्य का नाम	नगर/स्थान	विनिर्दिष्ट कार्यक्रम (वाद-विवाद/वाग्मिता/पैनल चर्चा आदि)	प्रथम दो विजेताओं के नाम	प्रतिभागियों की संख्या	क्या पुरस्कार जीतने वाली गतिविधियों की प्रति संलग्न की गई है।
उत्तर प्रदेश	कारपोरेट कार्यालय नोएडा	1.स्लोगन प्रतियोगिता 2.पोस्टर प्रतियोगिता 3.प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	i) डा. ज्योति गोयल ii) श्री सुमन्त भट्टाचार्य i) डा. हेमन्त कोठारी ii) श्री रंजीत सिंह i) श्री आर.पी. त्रिपाठी ii) श्री मोहित कुमार	20 100	जी हां जी हां
पंजाब	बठिंडा यूनिट	बैनर लगाना	-	-	-
		सीआईएसएफ कर्मचारियों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता	1. श्री संजीव कुमार, निरीक्षक (अग्नि) 2. श्री गोर्धन राम, सिपाही (अग्नि)	15	-
		ऑनलाइन सत्यनिष्ठा शपथ	-	53	जी हां
		क्रय मैनुअल तथा कार्य	-	25 से 30	जी हां

		मैनुअल के संबंध में "मैनुअलों में उपबंध" बनाम "व्यवहार" पर चर्चा सत्र			
		कर्मचारियों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर व्याख्यान	-	18	जी हां
		एनएफएल कर्मचारियों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर निबंध प्रतियोगिता	1. श्री नवीन चंद्र चौरसिया, एएम (सुरक्षा) 2. श्री शिष्ट गंगवार, जीएटी	15	-
		एनएफएल और सीआईएसएफ के कर्मचारियों के लिए खुली स्लोगन प्रतियोगिता	एनएफएलः 1. अजय कुमार शर्मा, वरि. एएम (जी.ई.) 2. राकेश कुकार ठाकुर, अभियन्ता (इंस्ट.) सीआईएसएफः 1. श्री संजीव कुमार, निरीक्षक (अग्नि) 2. बंसी लाल, एएसआई (अग्नि)	एनएफएलः 39 सीआईएसएफः 4	-
पंजाब	नंगल यूनिट नंगल	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	1.प्रदीप वार्ष्णेय 2.सुभाष चन्दर	20	जी हां
हरियाणा	पानीपत	एनएफएल कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सीआईएसएफ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सीआईएसएफ तथा एनएफएल कर्मचारियों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता	i) नेहा अग्रवाल, उप प्रबंधक (एचआर) ii) ध्रुव, अधिकारी (एचआर) i) गुरमेज सिंह, उप निरीक्षक ii) स्वर्ण सिंह, एचआईसी जीडी i) राम निवास, सीनि. ईए (इंस्ट.) ii) संजय भटनागर, सहायक प्रबंधक (इंस्ट.)	30 10 15	जी हां जी हां जी हां

मध्य प्रदेश	एनएफएल, विजयपुर (जिला गुना)	स्लोगन प्रतियोगिता	1.शरद खरैत 2.एल.एन. कोश्ती	20	जी हां
मध्य प्रदेश	एनएफएल, विजयपुर (जिला गुना)	निबंध लेखन प्रतियोगिता	1. शिवानी दीक्षित और ओम प्रकाश मिश्रा 2. अरुण कुमार मिश्रा और जी.के. सोनी	34	जी हां
मध्य प्रदेश	भोपाल	निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता	निबंध लेखनः	मध्य प्रदेश	भोपाल
उत्तर प्रदेश ज़ेडओ, लखनऊ					
उत्तर प्रदेश	लखनऊ	निबंध प्रतियोगिता	1. अंकित निगम 2. बी.एस. कुशवाह्	17	जी हां
उत्तर प्रदेश	लखनऊ	स्लोगन प्रतियोगिता	1. अंकित निगम 2. बी.एस. कुशवाह्	19	जी हां
उत्तर प्रदेश	लखनऊ	"मैनुअलों में उपबंध" बनाम "व्यवहार" पर चर्चा	शून्य	27	जी नहीं
चंडीगढ़	चंडीगढ़	निबंध लेखन प्रतियोगिता	1.बहादुर सिंह, वरि. प्रबंधक (एचआर), 2.राजेन्दर कुमार, एएम (एफएण्डए)	09	जी हां
चंडीगढ़	चंडीगढ़	स्लोगन लेखन प्रतियोगिता	1.संगीता स्वतेंतर, पर्यवेक्षक (एफएण्डए) *2.* हनुमान सिंह, उप प्रबंधक (लॉजिस्टिक्स)	19	जी हां

तालिका -3 : अन्य गतिविधियां

क्रम संख्या	गतिविधियां	ब्यौरे
कारपोरेट कार्यालय नोएडा		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	कार्यालय परिसर के भीतर अनेक स्थानों पर और मुख्य प्रवेश द्वार पर 6 बैनर लगाए गए। दिनांक 30.10.2018 को एनएफएल कर्मचारियों के लिए बाहरी फैकल्टी की सहायता से निम्नानुसार 2 पारस्परिक सत्रों का आयोजन किया गया :

		i) श्री एस. आर. वाधवा, आईआरएस (सेवानिवृत्त), बोर्ड सदस्य : ट्रांस्पैरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई) ii) श्री ए. के. जैन, मुख्य अभियन्ता (सेवानिवृत्त) दामोदर घाटी निगम और टीआईआई के बोर्ड सदस्य
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	-
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	-
4	कोई अन्य गतिविधियां	-
बठिंडा यूनिट		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	फैक्टरी में प्रमुख स्थानों पर और साथ-साथ टाउनशिप क्षेत्र में भी भ्रष्टाचार के विरुद्ध संदेश/स्लोगन (अंग्रेजी, हिंदी तथा पंजाबी) दर्शाते हुए बैनर लगाए गए।
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	अधिकारी (सतर्कता) द्वारा कर्मचारियों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर व्याख्यान ।
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	-
4	कोई अन्य गतिविधियां	-
नंगल यूनिट		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	1. सत्यनिष्ठा शपथ, निबंध लेखन तथा प्रश्नात्तरी प्रतियोगिताओं और रैलियों आदि जैसे सभी कार्यक्रमों में एनएफएल कर्मचारियों/उनके संबंधियों को सुरक्षात्मक सतर्कता (क्या करें क्या न करें) से संबंधित छोटी बुकलेट वितरित की गई। 2. फैक्टरी में प्रमुख स्थानों पर और साथ-साथ टाउनशिप क्षेत्र में भी संगठन में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं का पर्दाफाश करने हेतु शिकायतें आमंत्रित करने तथा सचेतन का संदेश देते हुए अंग्रेजी, हिंदी तथा पंजाबी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 के विषय को दर्शाते हुए बैनर लगाए गए।
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	i) दिनांक 31.10.2018 को विपणन स्टाफ, किसानों, एनजीओ तथा स्थानीय जनता के लिए सतर्कता जागरूकता संबंधी कार्यशाला, । श्री डी.के. बत्रा , सहायक प्रबंधक (सतर्कता) द्वारा विपणन फार्म हाउस, सेक्टर 4, नया नंगल में सतर्कता जागरूकता पर प्रस्तुतीकरण और "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर कर्मचारी विकास कार्यक्रम संचालित किया गया। ii) दिनांक 01.11.2018 को, सतर्कता अधिकारियों द्वारा बास ग्राम में नागरिकों को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए किसानों, एनजीओ तथा स्थानीय क्षेत्र जनों के लिए "ग्राम सभा" संचालित की गई। श्री देविन्दर कुमार एओ (सतर्कता) द्वारा वर्ष के विषय "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" से संबद्ध विषय सतर्कता विभाग के कार्य और कर्त्तव्य पर सतर्कता

		जागरूकता संबंधी पारस्परिक बातचीत।
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	--
4	कोई अन्य गतिविधियां	1. प्रशासनिक भवन, एनएफएल, नया नंगल (जिला रोपड़) के सामने दिनांक 29.10.2018 को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। 2. सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुसार ई-शपथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह-18 के दौरान स्थानीय इंट्रानेट "इन्फो" पर इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" से संबंधित लिंक और "ऑनलाइन सत्यनिष्ठा शपथ" के लिए सीवीसी वेबसाइट का लिंक सृजित किया गया।
पानीपत		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	सतर्कता खंड, कारपोरेट कार्यालय द्वारा प्रदान किए गए नमूने के अनुसार संयंत्र तथा टाउनशिप में मुख्य स्थानों पर बैनर लगाए गए।
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	निम्नलिखित विषयों पर बाह्य एवं आंतरिक सहयोग से कार्यशालाएं संचालित की गईं : i) 29.10.2018:- भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ ii) 31.10.2018 - क) "प्रमाणित स्थायी आदेश", "सीडीए नियम" तथा अनुशासनिक कार्यवाहियां ख) "क्रय मैनुअल" iii) 01.11.2018 – "कार्य मैनुअल"
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	---
4	कोई अन्य गतिविधियां	---
विजयपुर		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	1. सत्यनिष्ठा शपथ, निबंध लेखन प्रतियोगिता जैसे सभी अवसरों पर एनएफएल के कर्मचारियों एवं पणधारियों तथा सीआईएसएफ कार्मिकों को और डीपीएस (स्कूल) में पोस्टर प्रतियोगिता के छात्रों को भ्रष्टाचार-रोधी तथा सतर्कता जागरूकता बैज (सैंपल संलग्न) वितरित किए गए। 2. एनएफएल टाउनशिप के निवासियों, कर्मचारियों एवं पणधारियों को भ्रष्टाचार-रोधी तथा सतर्कता जागरूकता संबंधी पैम्फलेट वितरित किए गए। 3. फैक्टरी परिसर और टाउनशिप क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर अंग्रेजी व हिंदी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 के विषय को प्रदर्शित करने हुए और भ्रष्टाचार-रोधी तथा सतर्कता जागरूकता संदेश लिखे बैनर लगाए गए।
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	1. दिनांक 29.10.2018 को श्री एस.के. मंगला, वरि. प्रबंधक (मैटीरियल्स) द्वारा "क्रय मैनुअल के उपबंध बनाम व्यवहार" विषय पर एक सेमिनार संचालित किया गया। 2. दिनांक 31.10.2018 को श्री शुभम ग्रोवर, सहा. प्रबंधक (विधि)

		द्वारा "कार्य मैनुअल के उपबंध बनाम व्यवहार" विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। 3. दिनांक 03.11.2018 को श्री ओ.पी. मिश्रा, अधिकारी (एचआर) द्वारा "एचआर मैनुअल के उपबंध बनाम व्यवहार" विषय पर परिचर्चा। 4. दिनांक 03.11.2018 को सुश्री रितिका सोनी, सहायक प्रबंधक (एचआर) द्वारा "आरोप पत्र का मसौदा तैयार करना" विषय पर प्रस्तुतीकरण।
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	एनएफएल विजयपुर के फैक्टरी तथा टाउनशिप क्षेत्र में टाउनशिप के सभी निवासियों, एनएफएल कर्मचारियों, पणधारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने से संबंधित सूचना तथा भ्रष्टाचार-रोधी संदेश देते हुए पैम्फलेट के रूप में साहित्य वितरित किया गया और इन्हें सप्ताह के दौरान 2-3 बार आसपास के सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया गया।
4	कोई अन्य गतिविधियां	1. प्रशासनिक भवन, एनएफएल, विजयपुर (जिला गुना) के सामने दिनांक 29.10.2018 को प्रातः 11.00 बजे सत्यनिष्ठा शपथ। 2. सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुसार यूनिट में "ऑनलाइन सत्यनिष्ठा शपथ" से संबंधितई-मेल संदेश और सीवीसी वेबसाइट के लिंक का व्यापक परिचालन किया गया।
ज़ेडओ भोपाल		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	जी हां।
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	ज़ेडओ, भोपाल, श्री सत्य साईं कॉलेज फॉर वीमेन भोपाल, डी.ए.वी. पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल बीएचईएल भोपाल (म.प्र.)
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	-
4	कोई अन्य गतिविधियां	"रक्षात्मक सतर्कता" के संबंध में एक सेमिनार आयोजित किया गया। श्री मनीश सुरती जी, एसपी, सीबीआई, भोपाल द्वारा व्याख्यान दिया गया ।
ज़ेडओ लखनऊ		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	शून्य
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	शून्य
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	शून्य
4	कोई अन्य गतिविधियां	शून्य
ज़ेडओ चंडीगढ़		
1	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण।	शून्य
2	कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रमों का संचालन	1. आंचलिक कार्यालय, चंडीगढ़ में सतर्कता विभाग द्वारा "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक कार्यशाला

		आयोजित की गई। 2. श्री राम गोपाल जी, एसपी, सीबीआई, चंडीगढ़ ने एक व्याख्यान दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रकार, देश की उन्नति में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। 3. दिनांक 31.10.2018 को आंचलिक कार्यालय चंडीगढ़ में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक व्याख्यान दिया गया। भ्रष्टाचार की अवधारणा को इसकी उत्पत्ति से जोड़ कर इसकी व्याख्या की गई, कि यदि इसे इसकी उत्पत्ति के स्रोत पर ही नियंत्रित कर दिया जाए तो किसी के लिए भी स्वयं को भ्रष्टाचार मुक्त रखने में अधिक आसानी होगी और यदि यह प्रशिक्षण भ्रष्टाचार संभावित पदों पर कार्यरत सभी कार्मिकों को दिया जाए तो भ्रष्टाचार को आसानी से कम किया जा सकता है। 4. आंचलिक कार्यालय चंडीगढ़ में विपणन मैनुअल, कार्य मैनुअल, क्रय मैनुअल तथा एचआर मैनुअल के संदर्भ में "मैनुअलों के उपबंध बनाम व्यवहार" पर एक चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में आंचलिक प्रबंधक, चंडीगढ़, मुख्य प्रबंधक (विपणन), राज्य प्रबंधक हरियाणा, राज्य प्रबंधक पंजाब, सभी अनुभाग प्रमुखों ने भाग लिया।
3	जरनल/न्यूज़ लेटर जारी करना	शून्य
4	कोई अन्य गतिविधियां	शून्य

ग संगठन के बाहर की गतिविधियां :

तालिका -4: स्कूली छात्रों को शामिल करते हुए :

राज्य का नाम	नगर/कस्बे/गांव का नाम	स्कूल का नाम	संचालित गतिविधियों के ब्यौरे (तिथि का उल्लेख करें)	शामिल छात्रों की संख्या	क्या पुरस्कार विजेता गतिविधि की प्रति संलग्न की गई है
उत्तर प्रदेश	कारपोरेट कार्यालय	केन्द्रीय विद्यालय (प्रातःकालीन तथा सायंकालीन, दोनों शिफ्ट)	दिनांक : 01.11.2018 स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिता	90	जी हां

पंजाब	बठिंडा	सेंट ज़ेवियर्स वर्ल्ड स्कूल	दिनांक 30.10.2018 को सेंट ज़ेवियर्स वर्ल्ड स्कूल एनएफएल टाउनशिप, बठिंडा के छात्रों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता स्कूल में आयोजित की गई।	19	-
पंजाब	बठिंडा	ए.पी. इंटरनेशनल स्कूल	दिनांक 01.11.2018 को ए.पी. इंटरनेशनल स्कूल, एनएफएल कालोनी के सामने, बठिंडा के छात्रों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता स्कूल में आयोजित की गई।	20	-
नंगल यूनिट					
पंजाब	नया नंगल	फर्टिलाइज़र सीनियर सेकण्डरी स्कूल, नया नंगल	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक 12.10.2018 से 25.10.2018 तक पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।	23	जी हां
पंजाब	नया नंगल	फर्टिलाइज़र सीनियर सेकण्डरी स्कूल, नया नंगल	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक 31.10.2018 को प्रातः 9.00 बजे अंतर्विद्यालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।	29	जी हां
पंजाब	नया नंगल	एस.एस.आर.वी.एम	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक	25	

		सीनियर सेकण्डरी स्कूल	12.10.2018 से 25.10.2018 तक पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।		
पंजाब	नया नंगल	एस.एस.आर.वी.एम सीनियर सेकण्डरी स्कूल	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक 31.10.2018 को प्रातः 9.00 बजे अंतर्विद्यालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।	26	
पंजाब	नया नंगल	दयानंद पब्लिक सीनियर सेकण्डरी स्कूल, नया नंगल	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक 12.10.2018 से 25.10.2018 तक पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।	22	जी हां
पंजाब	नया नंगल	दयानंद पब्लिक सीनियर सेकण्डरी स्कूल, नया नंगल	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक 31.10.2018 को प्रातः 9.00 बजे अंतर्विद्यालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।	28	जी हां
पंजाब	नया नंगल	कैप्टन अमोल कालिया फर्टिलाइज़र मॉडल सीनियर सेकण्डरी स्कूल नया नंगल	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक 12.10.2018 से 25.10.2018 तक पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।	25	जी हां
पंजाब	नया नंगल	कैप्टन अमोल कालिया फर्टिलाइज़र मॉडल सीनियर सेकण्डरी स्कूल नया नंगल	स्कूल के छात्रों के मध्य दिनांक 31.10.2018 को प्रातः 9.00 बजे अंतर्विद्यालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।	67	जी हां
पानीपत यूनिट					
हरियाणा	पानीपत	विद्या भारती मॉडर्न स्कूल, पानीपत	दिनांक 30.10.2018 को भाषण प्रतियोगिता	लगभग 400	जी हां

हरियाणा	पानीपत	सर छोटू राम सीनि. सेक. स्कूल, पानीपत	दिनांक 31.10.2018 को भाषण प्रतियोगिता	लगभग 300	जी हां
हरियाणा	पानीपत	पीआईईटी संस्कृति स्कूल, पानीपत	दिनांक 02.11.2018 को भाषण प्रतियोगिता	लगभग 300	जी हां
मध्य प्रदेश	एनएफएल, विजयपुर (जिला गुना)	दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), एनएफएल, विजयपुर	दिनांक 30.10.2018 को कक्षा 5वीं से 8वीं तक के छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।	136	जी हां
मध्य प्रदेश	एनएफएल, विजयपुर (जिला गुना)	दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), एनएफएल, विजयपुर	-तदैव- किन्तु 9वीं से 12वीं के लिए।	62	जी हां

तालिका -5 : कालेजों के छात्रों को शामिल करते हुए :

राज्य का नाम	नगर/कस्बे/गांव का नाम	कालेज का नाम	संचालित गतिविधियों के ब्यौरे (तिथि का उल्लेख करें)	शामिल छात्रों की संख्या	क्या पुरस्कार विजेता गतिविधि की प्रति संलग्न की गई है
उत्तर प्रदेश	कारपोरेट कार्यालय	फूटवियर डिज़ाइन एण्ड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट नोएडा	31.10.2018: स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	50	जी हां
बठिंडा यूनिट					
	ग्रामः बठिंडा	-	-	-	-
नंगल यूनिट					
पंजाब	नया नंगल	सरकारी शिवालिक कॉलेज, नया नंगल	सतर्कता जागरूकता सप्ताह-18 को समर्पित, कॉलेज के छात्रों के मध्य दिनांक 12.10.2018 से 25.10.2018 तक पोस्टर/चार्ट/स्लोगन	15	जी हां

			प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।		
पंजाब	नया नंगल	सरकारी शिवालिक कॉलेज, नया नंगल	कॉलेज के छात्रों के मध्य दिनांक 30.10.2018 को प्रातः 9.00 बजे अंतर्विद्यालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।	19	जी हां
पंजाब	नया नंगल	शिवालिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी	कॉलेज के छात्रों के मध्य दिनांक 12.10.2018 से 25.10.2018 तक पोस्टर/चार्ट/स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।	23	जी हां
पंजाब	नया नंगल	शिवालिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी	कॉलेज के छात्रों के मध्य दिनांक 30.10.2018 को प्रातः 9.00 बजे अंतर्विद्यालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।	27	जी हां
पानीपत यूनिट					
हरियाणा	पानीपत	-----	----		
विजयपुर यूनिट					
मध्य प्रदेश	विजयपुर	शून्य			
आंचलिक कार्यालय :					
मध्य प्रदेश	भोपाल	श्री सत्य साईं कालेज फॉर वीमेन भोपाल (म.प्र.)	दिनांक 29/10/2018 को निबंध लेखन प्रतियोगिता	56	जी हां, हार्ड कॉपी
उ.प्र.	लखनऊ	प्रकाश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज	चित्रकला प्रतियोगिता (01.11.2018)	60	जी हां
उ.प्र.	विशाल खंड-1 गोमती नगर लखनऊ	प्रकाश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (01.11.2018)	50	जी नहीं

तालिका -6 : "ग्राम सभा जागरूकता"

राज्य का नाम	नगर/कस्बे/गांव का नाम	ग्राम पंचायत का नाम जहां	संचालित गतिविधियों के ब्यौरे (तिथि का उल्लेख करें)	प्रतिभागी जनों/नागरिकों की

		जागरूकता ग्राम सभा आयोजित की गई		संख्या
कारपो. कार्यालय	-			
बठिंडा यूनिट	-	-	-	-
नंगल यूनिट				
पंजाब व हि. प्र.	नज़दीकी गांवों अर्थात् बेला धियानी, मोजोवाल, भालरी, कुलग्रान, कलवामोढ़, सुखसाल, सहजोवाल, भट्टों, गोहलानी, भल्लन, बेला रामगढ़ तथा हि. प्र. से तहलीवाल, देहलां अजौली, सनोली माजरा एवं संतोषगढ़ आदि (सभी हि. प्र. के गांव) से किसान नया नंगल में किसान मंडी में एकत्र हुए।	अपनी मंडी (किसान मंडी), निकट सेक्टर-2, नया नंगल	दिनांक 01.11.2018 को फर्टिलाइज़र सीनि. सेक. स्कूल, नया नंगल के अध्यापकों तथा छात्रों की सहायता से एनएफएल टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में सतर्कता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस रैली का विशेष आकर्षण नुक्कड़ नाटक था। भ्रष्टाचार से संबंधित इस प्रहसन की काफी सराहना की गई। इस रैली ने फर्टिलाइज़र सीनि. सेक. स्कूल, सेक्टर-5, नया नंगल से सेक्टर-4 बाज़ार तक, फिर सेक्टर-1 बाज़ार तक, फिर एनएफएल फैक्टरी के मुख्य द्वार तक और अंततः सेक्टर-2 बाज़ार, नया नंगल में इसका समापन हुआ जहां साप्ताहिक किसान मंडी (अपनी मंडी) भी लगी हुई थी और समाज के विभिन्न तबकों के लोगों (किसानों, दूकानदारों, महिलाओं एवं बच्चों सहित) ने प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आनन्द उठाया। स्कूल की अध्यापिका सुश्री परमिन्दर कौर के निर्देशन में तकरीबन 12 कलाकारों ने प्रदर्शन किया। एफएसएस स्कूल के 32 छात्रों ने (स. जरनैल सिंह, श्री बलराज सिंह, स. मोहिन्दर सिंह, श्री धरमवीर, श्रीमती रंजीत कौर के मार्गदर्शन में) रैली में भाग लिया जिसने साथ-साथ नुक्कड़ नाटक का भी समर्थन किया। रैली ने सम्पूर्ण टाउनशिप में भ्रष्टाचार-रोधी और सतर्कता जागरूकता के नारे लगाए।	200-250
पानीपत यूनिटः				

हरियाणा	ग्राम नंगल खेड़ी (जिला पानीपत)	ग्राम नंगल खेड़ी	"भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" से संबंधित वाद-विवाद	लगभग 25
विजयपुर	शून्य	शून्य		
ज़ेडओ, चंडीगढ़				
हरियाणा	भगवानपुर	पंचायत भवन, भगवानपुर, जिला पंचकूला (हरियाणा)	सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान दिनांक 01.11.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय कुरुक्षेत्र के समन्वय से ग्राम भगवानपुर जिला पंचकूला (हरियाणा) में ग्राम सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में 39 ग्रामीण, दो स्थानीय डीलर तथा ओबीसी के बैंक मैंनेजर उपस्थित हुए। अधोहस्ताक्षरी ने "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर एक वक्तव्य दिया। भ्रष्टाचार के मुख्य कारण, भ्रष्टाचार के स्रोत, इसका उन्मूलन कैसे किया जा सकता है और भ्रष्टाचार उल्मूलन में व्यक्ति विशेष की भूमिका का वर्णन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों की प्रतिभागिता को प्रोत्साहित किया गया और ग्रामीणों ने हमारे समाज की बुराई भ्रष्टचार पर भाषण दिया। ग्रामीणों, डीलरों को एनएफएल में सतर्कता विभाग की भूमिका के बारे में बताया गया। और सभी को प्रोत्साहित किया गया कि यदि एनएफएल का कोई कार्मिक किसानों, ग्रामीणों या डीलरों से घूस मांगता हैं तो इसकी जानकारी संबंधित सबूतों के साथ आंचलिक कार्यालय चंडीगढ़ में सतर्कता अधिकारी को दी जाए और अधोहस्ताक्षरी ने आश्वस्त किया किया कि सीवीओ, सीओ, नोएडा को रिपोर्ट भेजी जाएगी और संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आगे कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम की सराहना की गई।	39
ज़ेडओ, भोपाल	जी नहीं, मध्य प्रदेश में आचार संहिता के कारण ग्राम सभा आयोजित नहीं की जा सकी।			
ज़ेडओ, लखनऊ				
उ.प्र.	ग्राम-पिपरौली ब्लॉक बंकी तहसील	पिपरौली	दिनांक 31/10/2018 को भ्रष्टाचार से संबंधित ग्राम सभा की जागरूकता	60

	नवाबगंज बाराबंकी			

तालिका -7 : सेमिनार/कार्यशाला :

राज्य का नाम	नगर/कस्बे/ गांव का नाम	आयोजित सेमिनारों/कार्यशालाओं की संख्या	संचालित गतिविधियों के ब्यौरे (तिथि का उल्लेख करें)	प्रतिभागी जनों/नागरिकों की संख्या
कारपोरेट कार्यालय	-	-	-	-
पंजाब एनएफएल,	एनएफएल, बठिंडा	1	दिनांक 30.10.2018 को अपराह्न 02.30 बजे : क्रय मैनुअल तथा कार्य मैनुअल के संदर्भ में "मैनुअलों के उपबंध बनाम व्यवहार" पर एक चर्चा सत्र।	25 से 30
पंजाब	एनएफएल, बठिंडा	2	दिनांक 31.10.2018 को पूर्वाह्न 10.30 बजे : अधिकारी (सतर्कता) द्वारा कर्मचारियों के लिए "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर व्याख्यान ।	29
नंगल यूनिट				
पंजाब	नया नंगल	1	i) दिनांक 31.10.2018 को विपणन स्टाफ, किसानों, एनजीओ तथा स्थानीय जनता के लिहि सतर्कता जागरूकता संबंधी कार्यशाला, विपणन फार्म हाउस, सेक्टर-4, नया नंगल में श्री डी.के बतरा सहायक प्रबंधक (सतर्कता) द्वारा सतर्कता जागरूकता तथा "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय पर कर्मचारी विकास कार्यक्रम। ii) दिनांक 01.11.2018 को, सतर्कता कार्मिकों द्वारा बास ग्राम में श्री देविन्दर कुमार, एओ (सतर्कता) द्वारा नागरिकों को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में संवेदाशील बनाने के लिए किसानों, एनजीओ तथा स्थानीय क्षेत्र जनों के लिए सतर्कता जागरूकता कार्यशाला "ग्राम सभा" संचालित की गई|	42
पानीपत	--	--	--	--
विजयपुर	शून्य	शून्य		
ज़ेडओ, चंडीगढ़	--	--	--	--
ज़ेडओ, भोपाल	जी नहीं, मध्य प्रदेश में आचार संहिता के कारण ग्राम सभा आयोजित नहीं की जा सकी।			
ज़ेडओ, लखनऊ	-	-	-	-

तालिका -8 : अन्य गतिविधियां :

क्र. सं.	गतिविधियां	ब्यौरे
कारपोरेट कार्यालय :		
1.	बैनरों/पोस्टरों आदि का प्रदर्शन	स्कूलों, कॉलेज तथा नज़दीकी सार्वजनिक स्थानों पर 10 बैनर लगाए गए।
2.	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	-
3.	सोशल मीडिया का प्रयोग	-
बठिंडा		
1	बैनरों/पोस्टरों आदि का प्रदर्शन	कर्मचारियों तथा जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए फैक्टरी तथा टाउनशिप क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संदेश/स्लोगन (अंग्रेजी, हिंदी तथा पंजाबी) दर्शाते हुए बैनर लगाए गए ।
2	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	-
3	सोशल मीडिया का प्रयोग	1. स्थानीय समाचार पत्रों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आरम्भ से संबंधित क्लिपिंग्स प्रकाशित की गईं। 2. स्थानीय समाचार पत्रों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन/पुरस्कार वितरण समारोह से संबंधित क्लिपिंग्स प्रकाशित की गईं।
नंगल		
1.	बैनरों/पोस्टरों आदि का प्रदर्शन	1. रैली, नुक्कड़ नाटक और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के दौरान एनएफएल कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को सुरक्षात्मक सतर्कता (क्या करें क्या न करें) से संबंधित छोटी बुकलेट वितरित की गई। 2. फैक्टरी परिसर के बाहर प्रमुख स्थानों पर, टाउनशिप क्षेत्र में, बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशन पर "संगठन में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं का पर्दाफाश करने हेतु शिकायतें आमंत्रित करने तथा सचेतन का संदेश" देते हुए अंग्रेजी, पंजाबी तथा हिंदी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 के विषय को दर्शाते हुए बैनर लगाए गए।
2.	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	-विपणन फार्म हाउस सेक्टर-4 नया नंगल
3	सोशल मीडिया का प्रयोग	सतर्कता जागरूकता सप्ताह (29.10.2018 से 03.11.2018 तक) की अवधि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 के विषय को प्रदर्शित करते हुए संदेशों को सोशल मीडिया (व्हाट्स ऐप आदि) के माध्यम से शेयर किया गया।
पानीपत		
1.	बैनरों/पोस्टरों आदि का प्रदर्शन	छोत्रों के मध्य भ्रष्टाचार की बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता उत्पन्न करने के लिए दिनांक 29.10.2018, 31.10.2018, 02.11.2018 को भाषण प्रतियोगिताओं के दौरान निम्नलिखित स्कूलों तथा ग्राम सभाओं में बैनर लगाए गए :

		i) सरकारी मॉडल संस्कृति सीनि. स्कूल, पानीपत, (ii) सर छोटूराम हेरिटेज स्कूल, पानीपत. (iii) विद्या भारती मॉडर्न स्कूल, पानीपत. iv) ग्राम नंगल खेड़ी.
2.	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	--
3.	सोशल मीडिया का प्रयोग	--
विजयपुर		
	बैनरों/पोस्टरों आदि का प्रदर्शन	1. हमारा उद्देश्य "भ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहनशक्ति", इस संदेश के प्रसार हेतु छोटे बैज वितरित किए गए। 2. फैक्टरी परिसर के बाहर प्रमुख स्थानों पर, कोआपरेटिव टाउनशिप, अस्पताल क्षेत्र में, बस स्टैंड आदि पर "संगठन में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं का पर्दाफाश करने हेतु शिकायतें आमंत्रित करने तथा सचेतन का संदेश" देते हुए अंग्रेजी तथा हिंदी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 के विषय को दर्शाते हुए बैनर लगाए गए। 3. एनएफएल विजयपुर के फैक्टरी तथा टाउनशिप के सम्पूर्ण क्षेत्र में सूचना पट्ट के माध्यम से टाउनशिप वासियों, एनएफएल कर्मचारियों, पणधारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के स्रोत और इसे लौह पुरुष (श्री सरदार वल्लभ भाई पटेल) को समर्पित करने और आगामी प्रतियोगिताओं एवं पुरस्कार वितरण से संबंधित मूल जानकारी देते हुए आकर्षक पीले रंग के पैम्फलेट (हिंदी में) वितरित किए गए और सप्ताह के दौरान 2-3 बार इन्हें आस-पास के समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराया गया।
	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	-
	सोशल मीडिया का प्रयोग	सतर्कता जागरूकता सप्ताह (29.10.2018 से 03.11.2018 तक) की अवधि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018 के विषय को प्रदर्शित करते हुए संदेशों को सोशल मीडिया (व्हाट्स ऐप, फेसबुक आदि) के माध्यम से शेयर किया गया।
ज़ेडओ, चंडीगढ़		
1.	पैम्फलेट/बैनरों का वितरण	आंचलिक कार्यालय, चंडीगढ़ के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, जिला कार्यालयों में "भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नया भारत बनाओ" विषय से संबंधित बैनर प्रदर्शित किए गए।
2.	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	शून्य
3.	सोशल मीडिया का प्रयोग	शून्य

	ज़ेडओ, भोपाल	
1	बैनरों/पोस्टरों आदि का प्रदर्शन	जी हां, आंचलिक कार्यालय भोपाल, सभी राज्य कार्यालय, सभी क्षेत्रीय कार्यालय, स्कूल, कॉलेज।
2	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	-
3	सोशल मीडिया का प्रयोग	जी हां, फेसबुक तथा व्हाट्सऐप
	ज़ेडओ, लखनऊ	
1.	बैनरों/पोस्टरों आदि का प्रदर्शन	3
2.	आयोजित शिकायत निवारण शिविरों की संख्या	शून्य
3.	सोशल मीडिया का प्रयोग	शून्य

3. संलग्न फोटो के ब्यौरे :

आयोजित गतिविधियों के नाम	फोटो की संख्या	क्या फोटो सॉफ्ट कॉपी अथवा हार्ड कॉपी में भेजी जानी हैं।	यदि सॉफ्ट कॉपी में, तो संलग्न सीडी की संख्या
सीओ, नोएडा			एक डीवीडी
बैनरों का प्रदर्शन, शपथ ग्रहण समारोह, अतिथि फैकल्टी द्वारा व्याख्यान, एफडीडीआई में कॉलेज के छात्रों के लिए कार्यक्रम, एनएफएल कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम, केवी में छात्रों के लिए कार्यक्रम, एनएफएल कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम और समापन समारोह।	20	सॉफ्ट कॉपी	
नंगल यूनिट			
बैनरों का प्रदर्शन, शपथ ग्रहण समारोह, स्कूल के छात्रों के लिए कार्यक्रम, विपणन स्टाफ तथा फील्ड अधिकारियों के लिए कार्यशालाएं, क्लब में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, ग्राम बास में ग्राम सभा, कॉलेज के छात्रों के लिए कार्यक्रम, एनएफएल कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम और समापन समारोह।	10	सॉफ्ट कॉपी	
पानीपत यूनिट			
दिनांक 29.10.2018 को शपथ, व्याख्यान, छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिताएं, एनएफएल और सीआईएसएफ के कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी, श्रीमती नेहा अग्रवाल, उप प्रबंधक (एचआर) और श्री अमित त्यागी, सहायक प्रबंधक (मैटि.) द्वारा सेमिनार/कार्यशालाएं, ग्राम नंगल खेड़ी, जिला पानीपत में ग्राम सभा, और विदाई समारोह।	16	सॉफ्ट कॉपी	
बठिंडा यूनिट			
बैनरों का प्रदर्शन, शपथ ग्रहण समारोह, स्कूल के छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिताएं, एनएफएल कर्मचारियों के लिए कार्यशाला, स्लोगन तथा निबंध	4	सॉफ्ट कॉपी	

लेखन प्रतियोगिताएं और समापन समारोह।			
विजयपुर			
बैनरों का प्रदर्शन, शपथ ग्रहण समारोह, अतिथि फैकल्टी द्वारा व्याख्यान।	13	सॉफ्ट कॉपी	
आंचलिक विपणन कार्यालय, चंडीगढ़, लखनऊ तथा भोपाल			
बैनरों का प्रदर्शन, शपथ ग्रहण समारोह, आंतरिक एवं बाह्य फैकल्टी द्वारा व्याख्यान, कार्यशालाएं तथा सेमिनार, कर्मचारियों, डीलरों, स्कूली एवं कॉलेज के छात्रों के लिए वाद-विवाद, भाषण तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं।	16	सॉफ्ट कॉपी	

*****